# श्याम बाबा मेरी नैया को किनारा दे दे भजन लिरिक्स

श्याम बाबा मेरी नैया को,
किनारा दे दे,
जग से हारा,
बेसहारा हूँ सहारा दे दे,
श्याम बाबा मेरी नईया को,
किनारा दे दे।bd।

तर्ज – प्यार झूठा सही।

---

भक्तों पे सांवरे,
उपकार भी देखे हमने,
कारगर बन गए,
बेकार भी देखे हमने,
जिसके भी ऊपर,
दया दृष्टि तुम्हारी होती,
उसके आँगन में,
बिखरते हैं कृपा के मोती,
मेरे नैनो को भी-२,
दर्शन का नज़ारा दे दे,
जग से हारा,
बेसहारा हूँ सहारा दे दे,
श्याम बाबा मेरी नईया को,
किनारा दे दे।bd।

---

दर्दे दिल की मेरी,
थोड़ी सी कहानी सुनलो,
भंवर में नैया,
बड़ा गहरा है पानी सुनलो,
इस भंवर जाल से,
अब तुम ही निकालो मुझको,
मैं शरण आया मेरे,
बाबा सम्भालो मुझको,
श्याम उपहार ये-२,
तू मुझको भी प्यारा दे दे,
जग से हारा,
बेसहारा हूँ सहारा दे दे,
श्याम बाबा मेरी नईया को,
किनारा दे दे।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

तुम अंधेरों को,
उजालो में बदल देते हो,
कोई स्वारथ नहीं,
फल फिर भी सफल देते हो,
कहता 'भप्पा' ये,
मेरे बाबा कामना मेरी,
दिल से कहता हूँ,
ज़रा समझो भावना मेरी,
चमका तक़दीर का,
रज्जो को सितारा दे दे,
जग से हारा,
बेसहारा हूँ सहारा दे दे,
श्याम बाबा मेरी नईया को,
किनारा दे दे।**bd**।

---

श्याम बाबा मेरी नैया को,
किनारा दे दे,
जग से हारा,
बेसहारा हूँ सहारा दे दे,
श्याम बाबा मेरी नईया को,
किनारा दे दे।**bd**।

**Singer – Bhupendra Mangal Bhappa**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com